एक नजर में

प्रभु के नाम स्मरण से मिट जाते हैं सारे दु:ख

इंदौर . नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह का समापन महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में हुआ . इस मौके पर सर्वेशवरी देवी ने कहा कि भागवत ग्रंथ भगवान् का शब्द रूप है, कलयुग में इसकी महत्ता और भी बढ़ गई है . महंत मंगलदास महाराज ने कहा कि भूखे को रोटी खिलाना और प्यासे को पानी पिलाना धर्म है। प्रभु का नाम स्मरण से सारे दुख मिट जाते है . प्रवीण जोशी ने बताया कि इस मौके पर महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, विश्व ब्राह्मण संघ के प्रमुख योगेंद्र महंत, महंत रामचंद्रदास, हनुमानदास महाराज हरदा, मोहनदास महाराज, महाराज लाभचंददास देवास, राम चरणदास, अवधदास महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे . व्यास पीठ का पूजन राधा सुशील उपाध्याय, मीना राणा शाह, ललित परदेशी ने किया . अन्नकूट महोत्सव पर हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग धराये गए . महाआरती के बाद हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की .

मंजू अध्यक्ष, आरती व सीमा बनीं उपाध्यक्ष

इंदौर . श्री गौड़ मालवीय सुतार समाज इंदौर की महिला कार्यकारिणी का भी पुनर्गठन किया गया है . इसमें मंजू मालवीय अध्यक्ष, आरती मालवीय एवं श्रीमती सीमा मालवीय को उपाध्यक्ष बनाया गया है . मंजू विश्वकर्मा सचिव एवं श्रीमती पुष्पा मालवीय संगठन सचिव की गई . कार्यकारिणी सदस्य के पद पर पूनम मालवीय, सुषमा मालवीय, प्रियंका मालवीय एवं पूजा मालवीय को मनोनीत किया गया है .

पोर्न वीडियो पर अंकुश लगाने चार सप्ताह बाद होगी सुनवाई

इंदौर . व्यक्तियो के साथ-साथ समाज विशेष रूप से विकासशील मस्तिष्कों 13 से 18 वर्ष की आयु के युवाओ द्वारा पोर्न वीडियो देखने की आदत के कारण हमारे देश की संस्कृति नष्ट हो रही है . भारतीय बाजार में चाईल्ड पोर्नोग्राफी सहित 20 करोड़ से अधिक वीडियो उपलब्ध है . इस पर अंकुश लगाये जाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई पश्चात् चीफ जस्टिस बी आर गवई एवं जस्टिस के . विनोद चन्द्रन ने 4 सप्ताह बाद सुनवाई तिथी निर्धारित की है . सेंधवा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बी .एल .जैन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत जनहित याचिका की सुनवाई 3 नवम्बर को हुई जिसमें याचिकाकर्ता के अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने अदालत को बताया कि दुनिया भर के अनेक देशों ने पोर्न साईट पर प्रतिबंध लगा रखा है लेकिन हमारे देश में पोर्न वीडियो की साईटे भारतीय बाजार में स्वतंत्र रूप से उपलब्ध है . आपने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से जो जानकारी एकत्रित की गई है वह चौंकाने वाली है जिसके अनुसार सन् 2005 से हर सेकण्ड 5 हजार पोर्न साईटे देखी जा रही है . याचिकाकर्ता की ओर से सर्वोच्च अदालत को बताया गया कि भारत सरकार को पोर्नोग्राफी देखने पर अंकुश लगाने विशेष रूप से जो वयस्कता की आयु के समीप है उनके देखने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए इसके लिये एक राष्ट्रीय नीति तैयार करते हुवे एक कार्ययोजना का मसौदा बनाना चाहिये . याचिका में सुचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 69 का हवाला दिया गया है . याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में भारत सरकार के सचिव सुचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सचिव सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सचिव गृह मंत्रालय, सचिव दुरसंचार विभाग, इंटरनेट सेवा करदाता कम्पनी को प्रतिवादी बनाया है . अदालत ने सरकार की प्रतिक्रिया और आगे के विचार विमर्श के लिये समय देते हुवे 4 सप्ताह के बाद मामले की फिर से सुनवाई निर्धारित की है .

नव प्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन

महू . डॉगरगांव स्थित डॉ . बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय में अभाविप ने एक समारोह आयोजित कर नव प्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन किया . इस अवसर पर अभाविप की विवि इकाई की घोषणा भी की गई . इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित मालवा प्रांत सहमंत्री हेमंत रावत ने विद्यार्थियों को परिसर में परिषद की भूमिका से अवगत कराया . इसके पश्चात नगर सहमंत्री मोहित सैनी ने अभाविप विवि इकाई की घोषणा करते हुए हितेश चौहान को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष नियुक्त किया गया . इसके साथ ही अरविंद राठौर को मंत्री, उपाध्यक्ष राज पिपलिया, अरुण पाटीदार, श्रेया भार्गव, सुमित पाटीदार, सहमंत्री हेमंत गौड़, प्रतीक खेड़े, वरुण रघुवंशी, शिवांक भार्गव सहित 60 से अधिक कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए . घोषणा के बाद पदाधिकारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया .

संघ के शताब्दी वर्ष में बालाराम पाटीदार भैय्याजी की प्रतिमा का अनावरण

महू . ग्राम पंचायत गवली पलासिया में पूर्व जिला संघचालक और लोकतंत्र सेनानी बालाराम पाटीदार भैय्याजी के प्रथम पुण्य स्मरण पर प्रतिमा का अनावरण किया गया . इस अवसर पर ने भैय्या जी के साथ आपातकाल के समय जेल में रहे मीसाबंदी भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे . उन्होंने भैया जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके कई संस्मरण भी बताए . कार्यक्रम में मुख्य रूप से संत स्वामी चिरंजीवी रामनारायण व राज्यसभा सांसद डॉ . कविता पाटीदार, इंदौर विभाग संघचालक मुकेश शेष मोढ़ जी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र पंड्या ने भैयाजी की आयुर्वेद की पुस्तक का विमोचन किया . इस अवसर पर पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार, राधेश्याम यादव, ओम परसावादिया, कंचन सिंह चौहान, रीता उपमन्यु, शेखर बुंदेला, जनपद सदस्य कैलाश आर्य, राधेश्याम बाबूजी, रामप्रसाद, कन्हैयालाल, नारायण मुकाती, संतोष काकू, विस्तारक जितेंद्र पाटीदार, किशोर चौधरी, जीतमल वर्मा, पवन यादव, शांतिलाल पाटीदार व अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे . कार्यक्रम का संचालन नवीन पाटीदार व सुशील पाटीदार ने किया . आभार मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार ने व्यक्त किया .

कैलाश विजयवर्गीय ने दी श्रद्धांजलि

महू . कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को किशनगंज पहुंचकर सरपंच प्रतिनिधि मनोज कौशल के पिता स्वर्गीय छोटेलाल कौशल खलीफा को श्रद्धांजलि अर्पित की . इस दौरान पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार, भाजपा युवा नेता मनोज सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे .

एसआईआर : घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण कार्य शुरू

कलेक्टर ने स्वयं मतदाताओं के घर पहुँचकर किया वितरित

इंदौर. जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत आज से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण का कार्य शुरू हो गया है. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने स्वयं मतदाताओं के घर पहुँचकर गणना प्रपत्र वितरित किए. उनके साथ अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंवार नवजीवन विजय, एसडीएम प्रदीप सौनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

कलेक्टर शिवम वर्मा आज सदर बाजार मेन रोड़ पर 95 वर्षीय मतदाता वासुदेव वर्मा के निवास पर पहुँचे. यहाँ उन्होंने गणना प्रपत्र का अपने हाथों से वितरण किया और पुनरीक्षण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाईश दी. इस अवसर पर वासुदेव वर्मा ने बताया कि यहाँ पाँच भाईयों का परिवार निवास करता है. सभी के नाम मतदाता सूची में हैं. हमें पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी है. हमने पहले से ही आवश्यक दस्तावेज की तैयारी कर रखी थी. जैसे ही आज हमें गणना प्रपत्र मिला, हमने सभी औपचारिकताएं पूर्ण की. मतदाता श्री वर्मा ने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि कलेक्टर स्वयं मेरे घर आएंगे और गणना प्रपत्र स्वयं अपने हाथों से देंगे. उन्होंने अन्य मतदाताओं से भी अपील की, कि वे लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहभागी बने. अपने घर आने वाले बीएलओ को सहयोग करते हुए सभी आवश्यक जानकारी दें.

चार दिसंबर तक चलेगी प्रक्रिया

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने परिवार के अन्य सदस्यों से भी चर्चा की और उन्हें प्रक्रिया से अवगत कराया . कलेक्टर ने बताया कि इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत आज से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरण का कार्य शुरू हो गया है . यह प्रक्रिया 4 दिसम्बर तक चलेगी . इसके लिए जिले में 2625 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं . सभी बीएलओ को ट्रेनिंग दी गई है . प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जाएगा . प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावा-आपत्तियों के आवेदन 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे . प्राप्त दावे-आपत्तियों के सुनवाई और प्रामाणिकरण के बाद 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा .

शुद्ध मतदाता सूची की जाएगी तैयार

इस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से शुद्ध मतदाता सूची पारदर्शी रूप से तैयारी की जाएगी . इस प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की गई . उन्होंने कहा कि यह कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम और दिए गए दिशा-निर्देशानुसार सुनिश्चित किया जाएगा .

शिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अभियान की विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा केन्द्र समग्र शिक्षा अभियान की विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में सम्पन्न हुई. बैठक में कलेक्टर ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत किये जा रहे विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की.

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षक बच्चों के मार्गदर्शक और भविष्य निर्माता है इसलिए वे स्कूली पाठ्यक्रम समय पर पूरा कराएं. गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें. समय पर परीक्षाएं सम्पन्न कराएं. जो विद्यार्थी पढ़ाई में कमजोर है, उनके लिये अतिरिक्त रेमेडियल कक्षाएं सुनिश्चित करें. मेरिट में आने वाले प्रतिभाशाली छात्रों के लिए भी अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था करें. विद्यालयों में लैबोरेटरी को आधुनिक बनाया जाये. लायब्रेरी को अपडेट किया जाए. विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ विज्ञान से भी जोड़ा जाए. शिक्षकों के पेंशन और वेतन संबंधी प्रकरणों का समय पर निराकरण करें. कलेक्टर ने कहा कि शाला भवनों की साफ-सफाई, रंग-रोगन, फर्निचर, पानी, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिये संबंधित अधिकारी मैदान पर जाकर लगातार कार्य करें और सतत मॉनीटरिंग करें। जो अधिकारी कार्य में लापरवाही बरतेगा, उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

ई-अटेंडेंस पर ध्यान दें

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस पर विशेष ध्यान दिया जाये . यदि कोई शिक्षक या अधिकारी बिना कारण बताये अनुपस्थित रहता है, तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी . उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण स्वस्थ बनाये जाये, ताकि विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रूचि जागृत हो। सभी विद्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम पौधे लगाये जाये . जिससे विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जहां जागरूकता बढ़ेगी वहीं वातावरण भी शुद्ध होगा .

गैस सिलेंडरों का किया अवैध भंडारण

खाद्य विभाग ने कार्रवाई कर किया जब्त

इंदौर. पुलिस थाना पलासिया से मिली सूचना के आधार पर खाद्य विभाग के अमले ने गवली मोहल्ला, बड़ी ग्वालटोली स्थित भोलेनाथ मंदिर के पास एक आवासीय मकान पर छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की है. यह कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में की गई है.

जिला आपूर्ति नियंत्रक एम. एल. मारू ने बताया कि जांच के दौरान 14.2 किलोग्राम श्रेणी के घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के 21 नग अवैध रूप से भंडारित पाए गए. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी अरुण फरकले इन सिलेंडरों का अवैध क्रय-विक्रय कर रहा था. खाद्य विभाग की टीम ने सभी सिलेंडरों को जब्त किया है. उक्त प्रकरण में अवैध भंडारण में पाए गए सिलिंडर को किस गैस एजेंसी के हॉकर द्वारा दिया जा रहा था, जांच की जा रही है. आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को मार्केटिंग में मिलेगी सहायता

कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

जिले में बढ़ेगा प्राकृतिक खेती का रकबा

नवभारत न्यूज

इंदौर. जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके तहत जिले में प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ाया जाएगा और उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के साथ ही किसानों को उनके उत्पाद की मार्केटिंग और ब्रांडिंग में भी मदद दी जाएगी.

इस उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में कृषि विभाग, संबंधित संस्थाओं और प्राकृतिक खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी और किसान उपस्थित थे. कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से उनके अनुभव साझा किये. उन्होंने किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए तथा आवश्यकतानुसार उन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए. बैठक में परियोजना समन्वयक शर्ली थामस सहित किसान जितेन्द्र पाटीदार, प्रेमलता चौधरी, नवीन पटेल, महेन्द्र सिंह राठौर, श्रीराम चौहान, भागीरथ पटेल, छगनलाल सहित अन्य किसान एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में किसानों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे.

उत्पादों की बिक्री की रहेगी विशेष व्यवस्था

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि प्राकृतिक खेती उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार में विशेष व्यवस्था की जा रही है . सप्ताह के निर्धारित दो दिनों में प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अपने उत्पाद यहां विक्रय कर सकेंगे .बैठक में प्रगतिशील किसानों ने बताया कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है और इससे भूमि की उर्वरता के साथ लागत में भी कमी आती है . कई किसानों ने बताया कि वे अपने आसपास के अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती से जोड़ रहे हैं . इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती की तकनीकों और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी .

मदरहुड अस्पताल के पास हुए हत्याकांड के बाद असामाजिक तत्वों की धरपकड़ तेज

पुलिस ने किया पैदल मार्च, चलाया सघन चेकिंग अभियान

संजय गांधी नगर और नादिया नगर में पुलिस की सख्ती

नव भारत न्यूज

इंदौर. हाल ही में हुए हत्याकांड के बाद पुलिस ने शहर में सख्ती बढ़ा दी है. देर रात थाना एमआयजी क्षेत्र के संजय गांधी नगर और नादिया नगर इलाकों में पुलिस ने पैदल मार्च निकालते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया. पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक के निर्देशन और एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के दौरान असामाजिक तत्वों, संदिग्धों और गुंडा-बदमाशों की कड़ी जांच की गई.

अभियान के दौरान 82 संदिग्धों से पूछताछ की गई, जिनमें से 25 पर कार्रवाई हुई. 33 गुंडे, 26 चाकूबाज, 21 निगरानी बदमाश चेक किए गए. धारा 170 बीएनएसएस के तहत 17 कार्रवाई, गुंडों पर 9 और चाकूबाजों पर 6 प्रकरण, साथ ही 47 हॉटस्पॉट व 29 शैडो एरिया में चेकिंग की गई. 22 मल्टियों की जांच, 6 स्थाई व 11 गिरफ्तारी वारंट तामील और 40 शराबी वाहन चालकों पर 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. इसके अलावा 59 अन्य वाहनों पर भी नियम उल्लंघन की कार्रवाई हुई. सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर 7 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि 5 को नशा करते पकड़ा गया.

मोहल्लों में चल रहे जनसंवाद और मोहल्ला मीटिंग कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से नागरिकों से मिल रहे हैं. इन बैठकों में नशे के दुष्परिणाम, अपराध नियंत्रण और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जा रही है. पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि सुरक्षित समाज के निर्माण में पुलिस के साथ जनता की साझेदारी बेहद जरूरी है. किसी भी अवैध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी बेझिझक पुलिस तक पहुंचाएं. मोहल्ला मीटिंग में डीसीपी कुमार प्रतीक, एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह, एसीपी राजकुमार सराफ, कुंदन मंडलोई, हिमानी मिश्रा, थाना प्रभारी सीबी सिंह, आरडी कानवा, डॉ. सहर्ष यादव, मनोज सेंधव, तारेश सोनी, मनीष लोधा सहित महिला अधिकारी नीतू सिंह और थाना बल मौजूद रहा.

ऑनलाइन फ्रॉड : क्राइम ब्रांच ने पीड़ितों को लौटाए 12 करोड़ से अधिक

सायबर ठगों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

इंदौर. वर्ष 2025 में ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार लोगों के लिए क्राइम ब्रांच राहत की वजह बनी है. अब तक ठगी गई 12 करोड़ 61 लाख से अधिक की राशि पीड़ितों को वापस कराई जा चुकी है. पुलिस की तुरंत और तकनीकी कार्रवाई ने न सिर्फ रकम रिकवर कराई, बल्कि सायबर अपराधियों की गतिविधियों पर भी लगाम लगाई है.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने जनवरी से अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन ठगी के 4500 से अधिक मामलों पर कार्रवाई की. इन प्रयासों के तहत अब तक 12 करोड़ 61 लाख 8 हजार 340 की राशि विभिन्न पीड़ितों को वापस कराई गई है. पुलिस की त्वरित कार्रवाई से हर माह औसतन सैकड़ों आवेदकों को राहत मिल रही है. इस अवधि में करीब 1500 से ज्यादा फर्जी बैंक खातों को फ्रीज कराया, 200 से अधिक हैक किए गए सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि रिकवर कराए गए, जबकि 250 से अधिक फर्जी अकाउंट जो लोगों की फोटो और नाम से बनाए गए थे, उन्हें ब्लॉक कराए हैं. जनवरी में 70.32 लाख, फरवरी में 81.95 लाख, मार्च में 60.10 लाख, अप्रैल में 61.54 लाख, मई में 1.73 करोड़, जून में 1.86 करोड़, जुलाई में 1.78 करोड़, अगस्त में 1.49 करोड़, सितंबर में 1.68 करोड़ और अक्टूबर में 1.30 करोड़ की राशि वापस कराई.

दंडोतिया का कहना है कि सबसे अधिक शिकायतें ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड टास्क, ट्रेडिंग आदि, बैंक अधिकारी बनकर केव्हायसी अपडेट या रिवॉर्ड प्वाइंट के नाम पर ठगी तथा सेक्सटॉर्शन और रोमांस स्कैम से संबंधित रही हैं.

सिद्धचक्र महामंडल विधान में अर्घ्य चढ़ाय

इंदौर. दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में आज आर्यिका रत्न विदक्षाश्री एवं आर्यिका रत्न सुवंदनमती माताजी के सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी अक्षय भैया के कुशल नेतृत्व में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में अर्घ्य चढ़ाये.

प्रात: काल मे भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई तत्पश्चात देव शास्त्र गुरु की पुजन नन्दिश्वरद्वीप की पुजन कर आरती की गई. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि माताजी के प्रवचन हुए. माताजी के प्रवचनों मे सिद्धचक्र महामंडल विधान की महिमा के बारे में बताया कि हमेशा सिद्धों की आराधना करनी चाहिए. सती मैना सुन्दरी के इस विधान को करने से अपने पति और उनके साथ सात सौ लोगों का कुष्ठ रोग इस श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के मिटाया था. सिद्धचक्र महामंडल विधान में कई विधान समाहित है. संगीतकार स्वराज जैन के संगीत की स्वर लहरियों की धुन पर बड़े हर्षोल्लास के साथ झुमते गाते न्रत्य करते हुए महा मंडल पर 512 अर्घ्य चढ़ाये. इस अवसर पर मुख्य रूप से सौधर्म इन्द्र जयेन्द्र-प्रभा जैन, कुबेर इन्द्र कोमल-सविता जैन, एम के जैन, आनंद-नवीन गोधा, सुदर्शन जैन, संचित जैन, निलेश जैन, प्रशांत जैन, संजय काका, नेहा, मौनिका, अंजली, ममता, प्रिती, वंदना जैन, के साथ सभी समाज जन शामील हुए.

एक नजर में

जन्म जयंती पर अवॉर्ड समारोह का हुआ आयोजन

जीवन का लक्ष्य, आत्मशुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होना चाहिए

इंदौर. महावीर भवन इमली बाजार पर जैन दिवाकर चैथमलजी महाराज, कस्तूरचंद महाराज, कर्नाटक गज केशरी गणेशलाल महाराज एवं तपस्वी पूज्य मोहन मुनी महाराज की जन्म जयंतियां एवं दीक्षा जयंतियां मनाई गई.

इस अवसर पर उप प्रवर्तक श्रृत मुनि महाराज ने कहा कि हमारे गुरू न केवल एक साधक है बल्कि धर्म, अहिंसा, सत्य और आत्म संयम के सजीव प्रतीक थे. गुरूदेव का जीवन त्याग, तपस्या, ओर सेवा का अद्भूत उदाहरण था. जीवन का लक्ष्य, आत्मशुध्दि और मोक्ष लक्ष्य की प्राप्ति होना चाहिये. अहिंसा, सत्य और करूणा को अपना आधार बनाएं. गुरू केवल ज्ञान नहीं देते. वे जीवन का अर्थ समझाते हैं जीवन का हर क्षण सत्कर्म में रहो यही सच्चा धर्म है. इस अवसर पर जैन दिवाकर गुरू मोहन 19 वाँ राष्ट्रीय अवार्ड अभय कुमार अनिल कुमार पोखरना परिवार की ओर से देवराज लोढ़ा ब्यावर को प्रदान किया गया.

संघ के महामंत्री रमेश भंडारी ने गुरू गुणानुवाद में कहा कि हमारे गुरू भगवंतो का हमारे उपर अनंत उपकार है, आज हम उनके जन्म जयंती पर उन्हें यादकर हम हमारे जीवन को सार्थक कर रहे है. अनिल पोखरना ने अवार्ड का वाचन किया, अभय पोखरना ने देवराज लोढ़ा का परिचय दिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अचल चौधरी, डॉ राजीव चौधरी, रवि बाफना थे. अवार्ड प्राप्त कर देवराज लोढ़ा ने कहा कि आज मेरे जीवन का स्वर्णिम अवसर है. मैंने मेरे जीवन में धर्म शासन की प्रभावना में कुछ सेवा कार्य किये होगें तब ही आज मुझे यह सम्मान स्वरूप जैन दिवाकर गुरू मोहन राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया. इस अवसर पर श्री वर्धमान बहु मंडल का गठन किया. कार्यक्रम का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया. धर्मसभा में रमेश भंडारी, अचल चैधरी, डॉ. राजीव चैधरी टी.सी. जैन, हुल्लास बेताला, राजकुमार जैन पंजाबी, हेमन्त बोहरा, जिनेश्वर जैन, रखबचंद कोटावाले, मुकुंन चंद मेहता, विमल तांतेड़, अशोक मंडलिक, महेन्द्र डागरिया, हंसकुमार जैन आदि उपस्थित थे आभार संदीप पोखरना ने व्यक्त किया।